Title : Regarding need to construct a second parallel runway at Chhatarpati Shivaji Maharaj International Airport, Mumbai

_श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर **(मुम्बई उत्तर-पश्चिम) :** माननीय सभापति, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। मैं इस सदन में पहली बार अपने विचार रखने जा रहा हूं। कल हम लोग इस सदन में आने को निकले थे, बारिश का मौसम है, एयरपोर्ट पर प्लेन 1235 बजे का प्लेन था, मगर 1235 बजे प्लेन उड़ नहीं सका क्योंकि हैवी रेन हो रही थी, एक कारण तो यह है, लेकिन दूसरा कारण यह है।

माननीय सभापति: माननीय सदस्य आप अपने विषय को रखें।

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर **:** सभापति महोदया, सांताक्रुज एयरपोर्ट के लिए दो रनवे होने की जरूरत है, एक्चुअली वहां दो रनवे है। इसकी कम्पलेंट भी की गई है, वह कम्पलेंट यह है कि Chhatrapati Shivaji Maharaj International Airport, Mumbai is equipped with two crossing runways which are called 09/27 and 14/32. Runway 14/32 (2,925 metre, 9,596 feet) is the one that runs between terminals 1 and 2. The main runway 09/27 intersects 14/32 just south of the terminal buildings. At first, it was considered to construct a second parallel runway as part of its master plan. मगर वह अभी तक हुआ नहीं है, इसके लिए मास्टर प्लॉन बनाने की जरूरत है। वहां आजू-बाजू में झोपड़पट्टी है, छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बाजू में जो झोपड़पट्टी है, उसका डेवलपमेंट होना बहुत जरूरी है। उसके अंदर जो कचरा है, उस कचरे के माध्यम से वहां पशु-पक्षी होते हैं। पक्षी विमान को भी लग सकता है, इस कारण उसका डेवलपमेंट होना बहुत जरूरी है।

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य आपकी बात आ चुकी है, आपका विषय पटल पर आ चुका है।